**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति, गौतमबुद्धनगर की दिनांक–11.11.2022 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्तः–**

प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0सं0 95 / छिहत्तर-2020–20 स्वजल / 2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एंव स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति के संगठनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमो के प्रभावी कियान्वयन एंव मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211 / 38–5–2010–20 स्वजल 2010 (टी0सी0–अ0) दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुए जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति का पुर्नगठन किया गया था। शासनादेश द्वारा जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति को जलापूर्ति की योजनाओ की स्वीकृति एंव राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन को अग्रसारित करने हेतु अधिकृत किया गया है। पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 की स्वीकृति एवं आई0एस0ए0 मैसर्स ग्रामीण विकास ट्रस्ट नोएडा के देयको के भुगतान पर निर्णय हेतु जिलाधिकारी / अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में "**जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति** गौतमबुद्धनगर की बैठक दिनांक 11.11.2022 को आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

1. मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर–उपाध्यक्ष।
2. जिला विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर –सदस्य।
3. प्रभागीय वनाधिकारी / नामित अधिकारी –सदस्य।
4. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी–सदस्य।
5. अधिशासी अभियंता, भूगर्भ जल गौतमबुद्धनगर –सदस्य।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर –सदस्य।
7. अधिशासी अभियंता, सिचांई विभाग, गौतमबुद्धनगर –सदस्य।
8. जिला कृषि अधिकारी, गौतमबुद्धनगर –सदस्य।
9. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, गौतमबुद्धनगर –सदस्य।
10. अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) गौतमबुद्धनगर–सदस्य सचिव।
11. मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), के प्रतिनिधिः–श्री दिव्येश पटेल, प्रोजेक्ट मेनेजर
12. श्रीमती तृप्ति खन्ना, प्रतिनिधि आई0एस0ए0 ग्रामीण विकास ट्रस्ट, नोयडा।
13. श्री संन्तोष झॉ, प्रतिनिधि आई0एस0ए0 सेफ एप्रोच, नई दिल्ली।

अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन लखनऊ के पत्रांक 2394 / W-22/NIT/2021-21 दिनांक 25.01.2021 (संलग्नक–ख) के द्वारा मै0 एल0सी0इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद को जनपद गौतमबुद्धनगर की जल जीवन मिशन की पाईप पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 विरचन एंव पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अधिकृत किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0एल0सी0इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद द्वारा राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन तथा जल निगम (ग्रामीण), मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद गौतमबुद्वनगर हेतु पत्र संख्या–LC/HO/Projectd/UP_JJM/GB Nagar/2022-23/250 Date: 10-11-2022 (संलग्नक–ग) के माध्यम से 08 नग नई योजना की डी0पी0आर0 तथा 09 नग पुर्नगठन पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 इस प्रकार कुल 17 नग डी0पी0आर0 जल निगम (ग्रामीण), गौतमबुद्धनगर कार्यालय में प्रस्तुत की गई है। डी0पी0आर0 की कुल लागत में वर्क कॉस्ट, 2 प्रतिशत कन्टीजेन्सी 12.50 प्रतिशत विभागीय सेंन्टेज तथा 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 को सम्मिलित किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाइडलाईन के अनुसार 12.50 प्रतिशित सेंन्टेज के व्यय का भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है तथा इसके अतिरिक्त 10 वर्ष हेतु Operation and Maintenance हेतु व्यय कर भी प्राविधान राज्यांश में किया गया है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा दी गई गाइडलाइन के अनुसार Ultimate Design Year के लिये योजना हेतु Per Capita Cost की दर रू 7000.00 निर्धारित की गई है तथा उक्त आंकलन हेतु वर्क कॉस्ट, कन्टीजेन्सी तथा जी0एस0टी0 को लिया गया है। उक्त समस्त प्रस्तुत 17 नग डी0पी0आर0 को राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन, लखनऊ तथा जल निगम (ग्रामीण) द्वारा समय–समय पर निर्गत विभिन्न तकनीकी गाइड लाइन के

अनुरूप जल निगम (ग्रामीण), गौतमबुद्धनगर कार्यालय द्वारा जाँच की गई। मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा–टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| क्र सं | योजना का नाम | ब्लाक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | डिजाईन वर्ष 2052 की जनसंख्या | वर्क कॉस्ट (रू0लाख) | सैंन्टेज (रू0लाख) | कुल लागत (रू0 लाख) | प्रति व्यक्ति लागत डिजाईन वर्ष 2052 हेतु (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बिसाहडा (पुर्नगठन) | बिसरख | 1 | 1954 | 12679 | 665.03 | 70.45 | 735.48 | 5245 |
| 2 | पटादी (पुर्नगठन) | बिसरख | 1 | 2100 | 11847 | 583.07 | 61.77 | 644.84 | 4922 |
| 3 | छोलस (पुर्नगठन) | दादरी | 1 | 1800 | 11436 | 535.66 | 56.94 | 592.41 | 4684 |
| 4 | जारचा (पुर्नगठन) | दादरी | 1 | 2809 | 18337 | 770.82 | 81.65 | 852.47 | 4204 |
| 5 | नूरपुर (पुर्नगठन) | दादरी | 1 | 991 | 6318 | 345.50 | 36.60 | 382.10 | 5469 |
| 6 | लुहारली (पुर्नगठन) | दादरी | 1 | 1285 | 8320 | 448.23 | 47.48 | 495.71 | 5387 |
| 7 | बडपुरा (पुर्नगठन) | दादरी | 1 | 1164 | 7513 | 330.87 | 35.05 | 365.92 | 4404 |
| 8 | गुलावठी खुर्द (पुर्नगठन) | दादरी | 1 | 580 | 3780 | 194.18 | 20.57 | 214.75 | 5137 |
| 9 | सिरसा | जेवर | 2 | 443 | 3805 | 261.10 | 27.66 | 288.75 | 6862 |
| 10 | रसुलपुर डासना (पुर्नगठन) | बिसरख | 1 | 491 | 3208 | 202.49 | 21.45 | 223.94 | 6312 |
| 11 | इसलामाबाद कल्दा | बिसरख | 1 | 333 | 2175 | 194.19 | 20.57 | 214.76 | 8928 |
| 12 | कुडी खेडा | बिसरख | 1 | 577 | 3758 | 264.62 | 28.03 | 292.65 | 7041 |
| 13 | फुलपुर | दादरी | 1 | 394 | 2551 | 198.61 | 21.04 | 219.65 | 7785 |
| 14 | सरकपुर | जेवर | 1 | 251 | 1639 | 170.78 | 18.09 | 188.87 | 10420 |
| 15 | साल्हेपुर | जेवर | 1 | 416 | 2665 | 194.73 | 20.63 | 215.36 | 7307 |
| 16 | मकनपुर खादर | जेवर | 1 | 443 | 2892 | 238.28 | 25.24 | 263.52 | 8239 |
| 17 | नंगला चीति | जेवर | 1 | 162 | 1054 | 142.19 | 15.06 | 157.26 | 13491 |

उपरोक्त प्रस्तुत डी0पी0आर0 में से कमांक 1 बिसाहडा, 2. पटादी, 3. छोलस, 4. जारचा 5 नूरपुर 6 लुहारली 7 बडपुरा 8 गुलावठी खुर्द 9 सिरसा कुल 09 नग डी0पी0आर0 (सम्मिलित ग्राम–10) राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के समस्त निर्धारित मानको के अनुरूप है। अवशेष 8 नग डी0पी0आर0 मानक के अनुरूप नहीं है।

जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गौतमबुद्धनगर द्वारा मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा– टी0सी0ई0एल0 (जे0वी0), अहमदाबाद के प्रतिनिधि से डी0पी0आर0 प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये परन्तु फर्म के प्रतिनिधि श्री दिव्येश पटेल द्वारा डी0पी0आर0 प्रस्तुत नहीं की जा सकी तथा उनके द्वारा अवगत कराया गया कि डी0पी0आर0 भूलवश उनकी गाडी में गाजियाबाद में रह गई है। जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति, गौतमबुद्धनगर द्वारा निर्देश दिये

गये कि बिना डी0पी0आर0 प्रस्तुत किये योजनाओ की जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गौतमबुद्धनगर द्वारा स्वीकृति/संस्तुति हेतु अग्रसारित करना औचित्यपूर्ण एवं संभव नहीं है।

जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गौतमबुद्धनगर द्वारा बैठक समाप्त करते हुए निर्देश दिये गये कि जिला पेयजल एंव स्वच्छता समिति गौतमबुद्धनगर की बैठक पुनः आयोजित की जाये तथा आगामी बैठक में समस्त डी0पी0आर0 एवं अन्य सुसंगत अभिलेख प्रस्तुत किये जायें, जिससे उक्त डी0पी0आर0 की स्वीकृति/संस्तुति एवं अन्य विषयो के सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, गौतमबुद्धनगर द्वारा निर्णय लिया जाना सम्भव हो सकें।

अधिशासी अभियंता,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
गौतमबुद्धनगर/सदस्य सचिव

जिला सूचना एंव जन सम्पर्क अधिकारी
गौतमबुद्धनगर/ सदस्य

जिला कृषि अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर/ सदस्य

अधिशासी अभियंता ग्राउड वाटर,
गौतमबुद्धनगर/ सदस्य

अधिशासी अभियंता सिचांई,
गौतमबुद्धनगर/ सदस्य

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर/ सदस्य

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर/ सदस्य

जिला विकास अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर/ सदस्य

प्रभागीय वनाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर/ सदस्य

मुख्य विकास अधिकारी
गौतमबुद्धनगर /उपाध्यक्ष 11/11/2022

जिलाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर /अध्यक्ष

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति गौतमबुद्धनगर।